महानगर टेलीफोन निगम लि०
(भारत सरकार का उद्यम)
Mahanagar Telephone Nigam Ltd.
(A Gove ment of India Enterprise)

पत्र संख्या-एमटीएनएल/हिंदी/40(5)/5/2014/ 35/सी

दिनांक: 13.10.2014 14

सेवा में

उप निदेशक (राजभाषा),
संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,
दूरसंचार विभाग, राजभाषा प्रभाग,
कमरा नं0 1012, संचार भवन,
20, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001

विषय: एक मंत्रालय के अधीन सभी उपक्रमों/प्रतिष्ठानों/अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों में राजभाषा कैडर बनाने के संबंध में।

महोदय/महोदया

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के पत्र सं. ई-13015/01/2014/रा.भा. दिनांक 20.06.2014 के अनुसार रा.भा. संवर्ग एक ही मंत्रालय के अधीन सभी उपक्रमों/प्रतिष्ठानों/अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों में रा.भा. संवर्ग बनाने की बात कही है जिसमें गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग के पत्र सं. 15/6/2005-रा.भा. (सेवा) दिनांक 20.06.13 एवं दूरसंचार विभाग के पत्र सं. 11017/01/2013-राजभाषा दिनांक 03.07.2013 का उल्लेख किया है जिनके अनुसार राजभाषा संवर्ग गठित किए जाने के निदेश दिए गए हैं।

राजभाषा संवर्ग गठित करने के संबंध में संसदीय राजभाषा समिति के प्रतिवेदन के छठे खंड में उद्धृत सिफारिशों का उल्लेख किया है जिसके अनुसार कारवाई अपेक्षित है। सिफारिशों के अनुसार "केंद्रीय सरकार के मंत्रालय स्तर के लिए तो राजभाषा कैडर बना है जिसके कारण एक कनिष्ठ अनुवादक निदेशक (रा.भा.) के पद पर पहुंच जाता है, किंतु भारत सरकार के अधीनस्थ/संबद्ध/उपक्रमों/प्रतिष्ठानों में राजभाषा कैडर का प्रावधान नहीं है। इस कारण राजभाषा अनुभाग में कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी विभागीय पदोन्नति से इस कारण वंचित रह जाते हैं कि वह राजभाषा हिंदी में कार्य कर रहा है। अत: उक्त कार्यालयों में राजभाषा कैडर के आधार पर पदोन्नति होनी चाहिए अथवा उनके विभाग में इनकी वरीयता के आधार पर पदोन्नति की जानी चाहिए। एक मंत्रालय के अधीन जितने उपक्रम प्रतिष्ठान अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालय हैं उनका राजभाषा कैडर बनाया जाए।"

उपर्युक्त के संबंध में एमटीएनएल के निगम कार्यालय, मुंबई एवं दिल्ली कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विवरण अनुबंध-। पर संलग्न किया गया है।

निर्मल कुमार जोशी 14.10.14
(एन.के.जोशी)
महाप्रबंधक(मानव संसाधन)